Code No. **2/2/1**
कोड नं.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

हिन्दी (केन्द्रिक)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*
Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7+7

(क) कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो ।
श्रीरघुनाथ-कृपालु-कृपा तें संत-सुभाव गहौंगो ।।
जथालाभ संतोष सदा, काहू सों कछु न चहौंगो ।
परहित-निरत निरंतर, मन क्रम बचन नेम निबहौंगो ।।
तरुष वचन अति दुसह स्रवन सुनि तेहि पावक न दहौंगो ।
विगतमान, सम सीतल मन, पर गुन, नहिं दोष कहौंगो ।।

(ख) हँसा ज़ोर से जब, तब दुनिया
बोली — इसका पेट भरा है ।
और फूट कर रोया जब,
तब बोली — नाटक है, नखरा है ।
जब गुमसुम रह गया, लगाई
तब उसने तोहमत घमण्ड की
कभी नहीं वह समझी इसके
भीतर कितना दर्द भरा है ।

(ग) मैं थी उज्ज्वल स्फूर्ति, पूर्ति
थी प्यारी अभिलाषाओं की
मैं ही तो थी मूर्ति तुम्हारी
बड़ी-बड़ी आशाओं की ।
आओ चलो, कहाँ जाओगे
मुझे अकेली छोड़, सखे !
बँधे हुए हो हृदय-पाश में
नहीं सकोगे तोड़, सखे !

2. नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं **दो** का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4+4

(क) सिंही की गोद में छीनता है शिशु कौन ?
मौन भी क्या रहती वह रहते प्राण ?
रे अजान,
एक मेषमाता ही
रहती है निर्निमेष —
दुर्बल वह —
छिनती संतान जब,
जन्म पर अपने अभिशप्त
तप्त आँसू बहाती है ।

(ख) जो तुम तोरौ राम मै नहिं तोरूँ ।
तुम सों तोरि कवन सों जोरूँ ।।
तीरथ बरत न करूँ अँदेसा ।
तुम्हरे चरन कमल क भरोसा ।।

(ग) इस पर भी आदमी
ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख-सी दीवारें उठाता है
अपने को दूजे का स्वामी बताता है
देशों की कौन कहे
एक कमरे में
दो दुनिया रचाता है

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'ये अनाज की पूलें तेरे काँधे झूलें' कविता में कवि ने वायु को किसान की उज्ज्वल गाथा और सूर्य को उसका रथ क्यों बताया है ?

(ख) 'जड़ की मुसकान' कविता में फूलों ने अपनी श्रेष्ठता दर्शाने के लिए क्या-क्या तर्क दिए हैं ?

(ग) कवि 'मैं और मेरा पिट्ठू' कविता में पेट में पिट्ठू की स्थिति बताकर, जीवन की किस विडम्बना की ओर संकेत करना चाहता है ?

4. प्रस्तुत गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6

(क) आदमी की ज़िंदगी आपने-आप में बहुत ही अकेली और नीरस होती है। आदमी-आदमी के रिश्ते नाते उसका बहुत दूर तक साथ नहीं देते। पर जब वह इनसे आगे बढ़कर एक व्यापक सम्बन्ध कायम करने की कोशिश करता है, तो उसके साथ वन, पर्वत, नदी आदि सब चल पड़ते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। आज वह वनस्पतियों और पानी के रिश्ते को भूलकर अपने को भी अकेला बना रहा है और उनके आपसी संबंधों का भी विच्छेद करता जा रहा है।

(ख) देखते-देखते पत्तों की वह जोड़ी उद्ग्रीव हुई। मानो उसमें चैतन्य भर आया। उन्होंने अपने आस-पास और नीचे देखा। जाने उन्हें क्या दिखा कि वे काँपने लगे। उनके तन में लालिमा व्याप गई। कुछ क्षण बाद मानो वे एक चमक से चमक आए। जैसे उन्होंने खण्ड को कुल में देख लिया। देख लिया कि कुल है, खण्ड कहाँ है।

(ग) मिलर बोले, ''सोचते होंगे मुझ जैसे को तो बंदर का चित्र बनवाना चाहिए। हम लोग कहते तो हैं कि बंदर से आदमी बने, लेकिन आदमी बनकर अब हम प्रगति के साथ देवता बनने के स्थान पर पुनः बंदर ही बन रहे हैं, संपन्न बंदर, शक्तिशाली बंदर। शस्त्रों की रेस में अधिक संपन्न, दुनिया को खत्म करने की जिसमें अधिक ताकत वह अधिक प्रगत।''

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'मेरे लिए भारतीय होने का अर्थ' पाठ में लेखक ने देशप्रेम को एक घटना क्यों माना है ? यह घटना हर पीढ़ी में नए सिरे से कैसे घटित होती है ?

(ख) 'एक है जीवंत दृढ़ता और दूसरा निर्जीव जड़ता।' इस कथन में लेखक ने किनकी ओर संकेत किया है और क्यों ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ !' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'नीलू' संस्मरण के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि नीलू ने 'कूत्ते की मौत मरना', मुहावरे को किस प्रकार झुठला दिया ।

6. रामधारी सिंह 'दिनकर' **अथवा** निर्मल वर्मा के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

7. 'विविधा : भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में दीजिए : 3+3+3

(क) 'सत्यकिरण' एकांकी के आधार पर करूणा देवी की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'एक पत्र' के लेखक के लिए खुदागंज की कोठी में आकर्षण के दो केन्द्र कौनसे थे और क्यों ?

(ग) भगिनी निवेदिता के जन्म से पूर्व उनकी माँ ने ईश्वर से क्या प्रार्थना की थी ? वह प्रार्थना किस रूप में पूरी हुई ?

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में दीजिए : 2+2

(क) ''किसका मज़ार है यह ?'' उसने बड़ी श्रद्धा के साथ उत्तर दिया, — ''हमारे पीर का। वो बौत बड़ा बली था।'' रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास में यह वार्तालाप किन पात्रों के मध्य, किस समय हुआ है ? इसका अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''रानी उनमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष है'' जनरल रोज़ के इस कथन के अभिप्राय को समझाइए।

9. लक्ष्मीबाई **अथवा** जुही की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

10. (क) किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए : 1

अधिक + अंश, सत् + आशय, यथा + इष्ट ।

(ख) किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1

सत्याग्रह, उल्लिखित, अत्याचार ।

(ग) किन्हीं **दो** पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : 2

आमरण, महात्मा, आपबीती ।

11. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **दो** के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) मैं आप सबों का स्वागत करता हूँ ।

(ii) पशु को काटकर चारा खिलाओ ।

(iii) आप चलो, मैं आया ।

(ख) नीचे लिखे वाक्य में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए : 2

पिताजी जो मेहनत करता है क्या वही सफल होता है मैंने पूछा

12. प्रस्तुत अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

समाज में जो लोग आज यह मानकर आचरण कर रहे हैं कि पुलिस से छिपकर जो कुछ भी किया जाता है, वह पाप नहीं होता । वे सभी लोग परले दरजे के नास्तिक हैं, क्योंकि उनकी दृष्टि में केवल लोक सत्य है, परलोक झूठा है। आदमी जब यह मानकर चलता है कि ज़िन्दगी मृत्यु के साथ खत्म नहीं होती, वह मृत्यु के बाद भी कायम रहती है, तब उसके आचरण कुछ और ही प्रकार के होते हैं। सच्चे आस्तिकों की जिस समाज में अधिकता होगी, उस समाज में पुलिस की ज़रूरत कम पड़ेगी और चूँकि आदमी आदमी को हर जायज अधिकार खुद दे दिया करेगा, इसलिए उस समाज में जजों और मजिस्ट्रेटों की तादाद भी थोड़ी ही रहेगी। अच्छा समाज वह है, जिसमें कानून कम होते हैं और कानून मनवाने वाली फौज भी छोटी होती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) कैसे लोगों को नास्तिक कहा गया है ? 1

(ग) पुलिस और जजों की जरूरत कहाँ कम होती है ? 1

(घ) कौनसा समाज अच्छा माना जाता है ? 1

13. गाँवों से शहरों की ओर युवा पीढ़ी के पलायन की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए संपादक, राजस्थान पत्रिका, जयपुर को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने नगर के महापौर के नाम पत्र लिखकर नगर में अनियमित एवं अपर्याप्त जल-वितरण से होने वाली असुविधाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) राजनीति और भ्रष्टाचार

(ख) पढ़ा-लिखा युवा वर्ग और बेकारी

(ग) अनेकता में एकता : भारत की विशेषता

(घ) पर्यावरण संरक्षण

(ङ) बढ़ती जनसंख्या : समस्या और समाधान